तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

विद्यालय पत्रिका

सत्र 2018 – 19

केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश

KENDRIYA VIDYALAYA RISHIKESH

Phone No. / दूरभाष : 0135 – 2455063

Website : https://rishikesh.kvs.ac.in **Email :** mail.kvrishikesh@gmail.com

संतोष कुमार मल्ल, आई० ए० एस
आयुक्त , केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Santosh Kumar Mall , IAS
Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली—११० ०१६
दूरभाष : 91— 11—26512579, फैक्स : 91—11– 26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi—110 016

फ० 1-1/2019-केविस/का०स०/आयुक्त

संदेश

यह जानकर अपार हर्ष हुआ है कि केंद्रीय विद्यालय, ऋषिकेश अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है | विद्यालय पत्रिका हमेशा से नवोदित रचनाकारों के लिए एक सशक्त मंच बनी है, साथ ही विद्यालय में साल भर चली गतिविधियों एवं उपलब्धियों को उजागर करने का भी माध्यम है। मैं अपेक्षा करता हूँ कि यह पत्रिका अधिक से अधिक बच्चों के अंदर छिपे रचनात्मक कौशल का विस्तार करेगी | किसी भी पत्रिका में पहली बार नाम छपना एक सुखद अनुभूति होती है, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ, जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित होने जा रही हैं |

आशा है कि पत्रिका को आकर्षक एवं रचनात्मक बनाने के लिए प्रकाशन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जैसे- शोध, सामग्री चयन व डिज़ाइन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे पाठकों के हाथ में एक रचनात्मक एवं त्रुटिहीन पत्रिका पहुंचे। इसे ई-पत्रिका के रूप में वर्षवार विद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध किया जाए, ताकि पत्रिका का ई-संकलन वर्षों बाद भी सबके लिए उपलब्ध हो |

पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्य को हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष 3/9/19

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

सी रविशंकर, आई०ए०एस०
C. Ravishankar, IAS

उत्तराखण्ड राज्य

जिलाधिकारी कार्यालय, देहरादून
दूरभाष : 0135—2622389, ईमेल : dehradundm@gmail.com
District Magistrate Office, Dehradun

अर्धशासकीय पत्र संख्या—1785/सी०पी०ओ०/2019—20

संदेश

यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई है कि विगत वर्षों की भांति केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश ई पत्रिका 2018—19 प्रकाशित करने जा रहा हैं | विद्यालय स्तर पर इस तरह के प्रकाशन बच्चों को सृजनशील बनाते हैं | आशा है कि पत्रिका में देश निर्माताओं, महापुरुषों, देश प्रेम तथा शिक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से जुड़े विचारों का समावेश किया जाएगा, जो निश्चित रूप से अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं पाठकों के लिए लाभप्रद साबित होगी |

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी, प्राचार्या सहित सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं |

(सी० रविशंकर)
जिलाधिकारी , देहरादून
व अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति
केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, देहरादून संभाग
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, DEHRADUN REGION
क्षेत्रीय कार्यालय, सालावाला, हाथीबड़कला , देहरादून (उत्तराखंड)
वेबसाइट : www.kvsrodehradun.in/ ईमेल : ackvsroddr@gmail.com
दूरभाष : 0135—2749510 (DC) , 2743192 (AC), 2746371 (AO)

फ० विद्यालय पत्रिका/2019/के०वि०सं०/देहरादून/

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय, ऋषिकेश सत्र 2018-19 की विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका विद्यालय के समस्त क्रियाकलापों का एक प है। इसके द्वारा उभरते रचनाकारों व सृजनशील प्रतिभाओं को अपनी सृजनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होता है और उसे परिमार्जित करने का एक सुनहरा अवसर मिलता है।

मैं इस पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई देता हूँ और इसकी सफलता की मंगल कामना प्रेषित करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि पत्रिका में सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों को उचित स्थान प्रदान किया जाएगा और उनके विशिष्ट कार्यों का उल्लेख किया जाएगा ।

(विनोद कुमार पाण्डेय)
प्रभारी उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश, उत्तराखंड
KENDRIYA VIDYALAYA RISHIKESH, UTTARAKHAND
CBSE Affiliation No : 3500034 School Code: 84070
Phone No. / दूरभाष : 2455063
Website : https://rishikesh.kvs.ac.in Email : mail.kvrishikesh@gmail.com

F-1392350/पत्रिका/2018-19/KVR

प्राचार्या की कलम से

मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है कि केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश सत्र 2018-19 की विद्यालय ई-पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है | वास्तव में विद्यालय पत्रिका, विद्यालय का एक दर्पण होती है जिसमें विद्यार्थी गतिविधियों की छोटी से छोटी छवि को स्पष्ट देखा जा सकता है, विद्यार्थियों की अंतनिर्हित प्रतिभाओं को उजागर किया जा सकता है जो उनके प्रोत्साहन के लिए एक आधार-स्तम्भ होगी, आत्मविश्वास दृढ करेगी, जिज्ञासु बनाएगी साथ ही रचनात्मक कौशल का विकास करेगी |

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विशवास है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों में उक्त गुणों का विकास करेगी और पूरे विद्यालय-परिवार को गौरवान्वित करेगी |

इस पत्रिका के सृजन में अहम् भूमिका निभाने वाले समस्त कार्मिकों को हृदय से धन्यवाद, सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं और समस्त विद्यार्थियों को स्नेहिल आशीष |

सुधा गुप्ता

(सुधा गुप्ता)
प्राचार्या

सम्पादकीय दृष्टि में.......

सत्र 2018-19 के लिए , विद्यालय ने गत वर्ष की भांति वार्षिक ई-पत्रिका प्रकाशित करने का निश्चय किया है। यह पत्रिका त्रिभाषिक - हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में है। बच्चों ने अपनी बातों को मौलिक व संगृहीत दोनों रूपों में व्यक्त किया है | बच्चों द्वारा विविध विधाओं – कविता, कहानी, आलेख, पहेली, व चुटकुले आदि का प्रयोग करते हुए रोचक व अर्थपूर्ण बनाया गया है। इसके साथ छायाचित्र भरे रंगीन पृष्ठों ने विद्यालय के अविस्मरणीय पलों को साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय का नाम रौशन करने में जिन छात्रों ने अथक प्रयास किया उनके नाम गौरव पृष्ठ पर अंकित करते हुए विद्यालय को अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है | इसके साथ वार्षिक प्रगति आख्या को विद्यालय की समस्त गतिविधियों के दस्तावेज़ के रूप में देखा जा सकता है।

मैं सम्पादकीय मण्डल के सभी साथी शिक्षकों व छात्रों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिनके कारण से ई- पत्रिका का सम्पादन हो सका। इसके साथ समस्त स्टाफ सदस्यों को साधुवाद देता हूँ जिन्होंने पत्रिका सम्पादन कार्य में अपना सहयोग दिए।

अंत में विद्यालय की कर्मठ, सुयोग्य व प्रेरणादायी प्राचार्या आदरणीय श्रीमती सुधा गुप्ता के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके प्रोत्साहन व निर्देशन के फलस्वरूप, यह ई – पत्रिका आपके कर कमलों में है। सभी को ढेर शुभकामनाओं के साथ –

जानकीरमण झा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
प्रमुख सम्पादक

सम्पादकीय मंडल

मुख्य संरक्षक

श्री विनोद कुमार पाण्डेय
प्रभारी उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग

संरक्षक

श्री सी० रविशंकर
जिलाधिकारी, देहरादून ,
अध्यक्ष—विद्यालय प्रबंध समिति

उप – संरक्षक

श्री प्रेम लाल
उप जिलाधिकारी ऋषिकेश
एवं नामित अध्यक्ष—विद्यालय प्रबंध समिति

निर्देशक

श्रीमती सुधा गुप्ता
प्राचार्या - केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश

हिंदी – विभाग

श्रीमती रजनी त्रिवेदी (स्नातकोत्तर शिक्षिका)
श्रीमती ममता भट्ट (पशिक्षित स्नातक शिक्षिका)
श्रीमती संगीता चौधरी (पशिक्षित स्नातक शिक्षिका)
श्रीमती सुशीला थपलियाल (प्राथमिक शिक्षिका)

अंग्रेजी – विभाग

श्रीमती एफ़०एम० अंसारी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका)
श्री सुनील दत्त (पशिक्षित स्नातक शिक्षक)
सुश्री साधना ध्यानी (प्राथमिक शिक्षिका)

संस्कृत – विभाग

श्री जानकीरमण झा (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)

कला विभाग

श्रीमती अलका (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका)

मुख्य संपादक

श्री जानकीरमण झा (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, संस्कृत)

टाइपोग्राफी, डिजाइनिंग व छायांकन

श्री प्रतीक गुप्ता (कंप्यूटर प्रशिक्षक)

विद्यार्थी संपादक

विकास कश्यप (XI B)
अमन शर्मा (XI B)
गौरव नौटियाल (XI B)
रुक्सार निशा (XI B)

VIDYALAYA ANNUAL REPORT (2018-19)

The annual report showcases the achievements and glories of our school, undoubtedly but also makes us think deeply about our shortcomings. Kendriya Vidyalaya Rishikesh has always been very committed to create a healthy environment in our school which helps the young minds to blossom and provide a platform for individual thinking and holistic development of the child personality.

Kendriya Vidyalaya Rishikesh, which was instituted in the year in 2003 has earned its reputation as one of the reputed educational institutes of the region.

Achieving excellence is at the heart of our endeavour as educators. Academic achievements reflect a demonstrated ability to perform the best of one's ability by developing one's intellectual potentials and skills with diligence.

The session 2018-19 commenced on a wonderful note when the result of C.B.S.E for class 10 and 12 was declared. The year 2018 continued to bring euphoric news for us as the class 12 result was 97.44 percent in which 5 students got above 90 percent and similarly in class 10 the pass % was 91.57 and three student got above 90%. What Is more commendable is that 4 girl students of class 10 came in top 150 girls of Dehradun region in class 10 and one student, Jyoti Chaudhary got 100 out of 100 in Hindi in class 12.

"All work and no play makes a jack dull boy". So various co-curricular activities were held throughout the session to develop a child physically, morally, socially and mentally to hone the skills in scholastic areas. Regular house activities were held in which the students participated and displayed their calibre like advertisement show, debate, speech, group song, story-telling, extempore etc. and more that 500 student won prizes for their outstanding performances. In primary section also many interesting activities and competitions were organised throughout the year like Collage making, Clay modelling, Rakhi making, English spallation and many more. 326 books were distributed as prizes to the winners. Apart from it, Grand parents' Day was also celebrated to develop a sense of respect and care to our elderly ones. Along with the competitions, days of national importance like Kargil

divas, National Unity Day, Vigilance Awareness Day, Communal Harmony Day, Flag Day etc. were celebrated with full zeal and vigour. I want to place on record the outstanding contribution made under Flag Day and Communal Harmony. A sum of rupees 17210 was collected. I extend my sincere thanks to the parent community who had contributed open heartedly.

Participation in the Science, Maths, Green, and Cyber Olympiads itself is the biggest competition where a student competes to outshine other. It infuses a healthy competitive spirit through reward based assessment. In Green Olympiad, a total of 20 participants were registered. Similarly, in Technotholon a total of 30 teams were registered. In National Children Science Congress, Aditi from senior group was selected as stand by for KVS Nationals. In JNMSEE Aditi Rawat got selected for presentation on Water Management amongst 46 schools of the region. In PRMO (pre regional mathematics Olympiad) 2018, Anshika Chamoli of class 10 qualified and was further selected in Regional Mathematics Olympiad.

“To be a great champion, you must believe you are the best. If you are not, keep trying”. This thinking is reflected in games and sports competitions. Games and sports inculcate the spirit of positive challenges and sportsmanship among the students and prepare them for the life ahead. Our students actively participated in different sports competitions and won accolades, medals certificates and trophies. In Regional Sports Meet, our Vidyalaya bagged silver medal in under - 17 boys football, 400 mt. relay race and 200 mt. race for girls. Similarly, we have got bronze medal in under 14 -boys football, high jump and discus throw. I am feeling much proud to announce that our one student was selected for Nationals in yoga and one in cricket.

To facilitate vibrant synergy of ideas through their environment children were taken beyond the confines of classrooms so as to provide them learning beyond books. Student was taken to Swamy Rama Himalayan University, Dehradun in the month of November 2018 for their extended learning.

Students of our school had also participated in Social Science Exhibition in which they got recognition in creative writing, drawing and painting, Sanskrit sholk, skit and group dance. In group dance, KV Rishikesh bagged 2 position. Our team of 55 students participated in youth parliament too.

Kendriya Vidyalaya Rishikesh is one of the leading Kendriya Vidyalayas in the field of Information & Communication Technology. ICT & Computer Science is being taught to more than 800 students of Vidyalaya form class III to XII. Kendriya Vidyalaya Rishikesh offers excellent computer education to its students to make them competent in all dimensions related to Information and Communication Technology. Vidyalaya has one Air-Conditioned Computer Lab having 20 computers, 07 e-Class rooms equipped with LED Projectors, Interactive Boards, Visualizers and Magic Studios. Vidyalaya has a High-Speed Wireless Broad Band Connections having 20 Mbps download speed. Vidyalaya has its own Website that is being updated every day. It reflects all information about Vidyalaya like student enrolment position, details of staff members, examination schedule, day-to-day activities etc. Vidyalaya also facilitates parents to track performance of their child online through Shaala Darpan Portal. Using Shaala Darpan portal, parents can view updates on their child's progress, class attendance, health record and achievements of their child. For Primary section, a new computer lab has been inaugurated on 16 April 2019 having capacity for 20 computers.

Our Vidyalaya also has a rich library. It is enriched with subscriptions for more no. of newspapers magazines, educational periodicals and acquisition of a large no of books in fiction in both Hindi and English.

The Vidyalaya library is adequate to serve the needs of our students. This session new 316 books have been added to the library. Now we have total no. of 4298 books. Many activities like book corner, book mark making quiz on books were organised by the library teacher to motivate the students to the world of books.

National Adolescence Education Programme has been implemented in the school co-curricular activities for students to enrich themselves with the life skill

management in their day to day activities. Throughout the year the programme is planned and different activities with a view to solve the adolescence problems are organised. Two teachers are involved in organizing and handling the adolescent problem.

Apart from all this a regular health check-up is ensured twice in a year. Last year we had doctors from AIIMS, Rishikesh who conducted health check-up of the students. Doctors from Seema DENTAL Hospital also conducted dental check-ups of the children and motivated the children for personal health and hygiene. Similarly, to make the students aware of cleanliness, Swachhata abhiyaan was launched by the Vidyalaya in which the students cleaned the nearby areas of the Vidyalaya.

In our Vidyalaya scouts and guides are actively participating in different activities. The purpose of scout and guides is to contribute to the development of young people in achieving their full physical, intellectual, social and spiritual as individual, as responsible citizens. In the last session 5 guides and 4 scouts participated in Rajya Puruskar Testing Camp. Eight guides and eight scouts appeared and qualified Tritiya Sopan testing camp. A contribution of ₹ 2,978 was made in October for Kerala tragedy.

Pride of Vidyalaya

Science Stream



Shubham
94.00%

Prahlad Singh Aswal
92.60%

Humanities Stream

Rishika Chauhan
99.00%

Ragini Rana
94.00%

Class X

Anshika Chauhan
93.20%

Anishka Chamoli
90.40%

List of Toppers (2018—19)

Class XII — Science Stream			Class XII — Humanities Stream		
1.	SHUBHAM	94.00 %	1.	RISHIKA CHAUHAN	99.00 %
2.	PRAHLAD SINGH ASWAL	92.60 %	2.	RAGINI RANA	94.05 %
3.	KRISHNA SHANKAR SHARMA	86.80 %	3.	AVANTIKA BAGWARI	89.05 %

Class X		
1.	ANSHIKA CHAUHAN	93.20 %
2.	ANISHKA CHAMOLI	90.40 %
3.	ANAM NAZ	89.60 %

List of Subject Toppers (2018—19)

Subject Toppers Class XII			
1.	English	RISHIKA CHAUHAN	99 %
2.	Hindi	SHUBHAM	100 %
3.	Physics	SHUBHAM	95 %
4.	Chemistry	SHUBHAM, PRAHLAD SINGH ASWAL	95 %
5.	Mathematics	KIRAN	91 %
6.	Biology	SHUBHAM	95 %
7.	Computer Science	PRAHLAD SINGH ASWAL	97 %
8.	Economics	RISHIKA CHAUHAN	95 %
9.	History	RISHIKA CHAUHAN	99 %
10.	Geography	RISHIKA CHAUHAN	98 %
11.	Political Science	AVANTIKA BAGWARI	95 %
12.	Painting	PREETI	84 %

Subject Toppers Class X			
1.	English	ANISHKA CHAMOLI	95 %
2.	Hindi	ISHA	96 %
3.	Mathematics	VIVEK SINGH	96 %
4.	Science	VIVEK SINGH	95 %
5.	Social Science	SUHANI KALA	97 %

वार्षिकोत्सव

वृक्षारोपण

हिंदी विभाग

सरस्वती वंदना

हे हंस वाहिनी, ज्ञान दायिनी, वीणा वादिनी वर दे,
अपनी वीणा के तारों से जग को झंकृत कर दे।

हम हैं मूढ़ निरक्षर बालक, अक्षर ज्ञान हमें दो,
हम बालक हैं ज्ञान क्षुधित विद्या से क्षुधा मिटा दो।

माँ! हम बच्चे दिल के सच्चे तेरी शरण में आए हैं,
इस दिन हम विद्वान बनें, वर यही माँगने आए हैं।

ज्ञान-कोष तेरे पास असीमित, होता नहीं कभी वह रिक्त,
ऐसी विद्या वर्षा कर दो, जिससे हो जाएँ सब सिक्त।

मेधा रूप में मिल जाती हो, जो पूजा करता तेरी,
कृपा दृष्टि उस पर करती जो शरण में आ जाता तेरी।

हर विद्यालय मंदिर तेरा ज्ञान की ज्योति जले प्रतिदिन,
हम नन्हे मुन्ने बालक हैं करते शत्-शत् तुझे नमन।

रजनी त्रिवेदी
स्नातकोत्तर शिक्षिका, हिंदी

स्कूल के दिन

न जाने हम कब बड़े हो गए ?

स्कूल के दिन न जाने कहाँ खो गये ?

दोस्तों की बातें बहुत याद आयेंगी

आँखों में नमी सी छा जाएगी |

अध्यापक भी याद आएंगे

और बच्चों याद रखना १०वीं के अंक कहीं काम नहीं आएंगे |

राम सर का वो फिजिक्स पढ़ना;

और पीरियड ख़तम होते ही हमारा सो जाना,

केमिस्ट्री तो जैसे सिर के ऊपर से जाती थी |

यादव सर की डांट हमें बहुत रुलाती थी |

हम सारे दोस्तों का एक साथ स्कूल न जाना ,

और अगले सुधीर सर की प्यारी सी डांट खाना |

उसी डांट पर मन ही मन मुस्काना और

पहले पीरियड में टिफिन चाट जाना |

हम एक आउटपास में चार – चार वाशरूम जाया करते थे |

कविता मैडम के लेक्चर हमे बहुत भाया करते थे |

लंच के बाद हिंदी के पीरियड का आना

और हम सब में जोश भर जाना |

शुक्ल सर का वो कविता गुनगुनाना |

सर बहुत याद आएगा आपका मुस्कुराकर पाठ समझाना |

मालविका मैम का हमें बालों के लिए डांटना और

हमारा जन्म महीना का वो बहाना बनाना |

ये कविता पूरी हो जानी है

लेकिन बाद में टीचर्स की बहुत डांट खानी है

बस अब स्कूल के गिनती के चार दिन रह गए

ना जाने हम कब बड़े हो गए ?

स्कूल के दिन न जाने कहाँ खो गए ?

प्रियांशु सेमल्टी
ग्यारहवी 'अ'

बहुत जरुरी होती शिक्षा

बहुत जरूरी होती शिक्षा,
सारे अवगुण धोती शिक्षा ।
चाहे जितना पढ़ ले हम पर,
कभी न पूरी होती शिक्षा।
शिक्षा पाकर ही बनते हैं,
नेता, अफसर, शिक्षक।
वैज्ञानिक, मंत्री व्यापारी,
या साधारण रक्षक।
कर्तव्यों का बोध कराती,
अधिकारों का ज्ञान।
शिक्षा से ही मिल सकता है,
सर्वोपरी सम्मान।
बुद्धिहीन को बुद्धि देती,
अज्ञानी को ज्ञान।
शिक्षा से ही बन सकता है,
भारत देश महान।

नीतू कुमारी
आठवी 'ब'

एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छता की ओर हमारा ध्यान होना चाहिये,
बापू के सपनों का भी तो मान होना चाहिए,,

गलियों ,मुहल्लों ,सड़कों को क्यों भला दूषित करें,
हर आदमी की सोच में विज्ञान होना चाहिए,,

आकाश का जो रंग था, है आज क्यों धूमिल पड़ा?
हम आपको इस बात का भी ज्ञान होना चाहिए

यत्र-तत्र फैली है गंदगी , स्वच्छ बताओ कौन करे .....?
गाँव-गाँव , घर-घर में भी अहवान होना चाहिए,,

कूड़े करकट को इधर उधर न फेंके हम कभी,,,
इसका सुरक्षित स्थान कूड़ेदान होना चाहिये ,,

स्वच्छ भारत को बनाना भी मेरा कर्तव्य है,
इसके प्रति हम सभी को निष्ठावान होना चाहिये,

जब हमसे ही है गंदगी तो साफ भी हम ही करें
इसमें लोक लज्जा ,शर्म न अपमान होना चाहिये,

स्वच्छता की सूची में एक भारत का भी होना चाहिये,
विश्व में हर जगह इसका गुणगान होना चाहिये,

स्वच्छता में साथ दोगे , आज तुम वादा करो
अब गंदगी से मुक्त हिंदुस्तान होना चाहिये

स्वच्छता की ओर हमारा ध्यान होना चाहिये
बापू के सपनों का भी तो सम्मान होना चाहिये

रुखसार
ग्यारहवी 'ब'

मित्र का चुनाव

हमारे जीवन में कुछ बहुत सारे कार्यों को करने के लिए हमें दोस्तों की सहायता, सलाह और साथ में होने की जरूरत होती है ताकि हम कार्यों को सफलता पूर्वक कर सकें | मित्र का साथ हमारे जीवन को पूर्ण करता है और हमारे जीवन को आनंद से भर देता है |

जीवन में विभिन्न प्रकार के मित्र मिलते हैं जो हमारे जीवन में अपना अलग प्रभाव डालते हैं| लेकिन हमे सिर्फ उन्हीं मित्रों को चुनना चाहिए जो हमारे जीवन में अच्छा प्रभाव डालें | इन मित्रों को चुनने के लिए हम निम्न प्रकार के कदम ले सकते हैं :-

- हमे उन मित्रों को चुनना चाहिए जो अच्छे स्वभाव के व विवेकवान हो |
- हमे उन मित्रों का चुनाव करना चाहिए जो किसी गलत कार्य में शामिल न हो व गलत कार्य न करता हो |
- मित्र का चुनाव करते समय यह बात ध्यान रखनी चाहिए की वह आपकी बात सुनता हो और आपको महत्त्व देता हो |
- सच्चा मित्र ईमानदार व खुली सोच वाला होना चाहिए |
- सच्चा मित्र आपको उत्साहित करता है व विपत्ति में आपका साथ देता है |
- मित्र का चुनाव करते वक्त अपने अन्दर से आने वाली आवाज़ को अवश्य सुनें ||

रजत चौहान

बारहवी 'ब'

भ्रष्टाचार

भ्रष्टाचारी , भ्रष्टाचारी
भ्रष्टाचार में मर गई दुनिया सारी

जहाँ देखो वहाँ भ्रष्टाचार
हर आदमी इससे होता है लाचार ,

आओ हम सब मिलकर कदम उठाएँ ,
भ्रष्टाचार को दूर भगाएँ |

दिन प्रतिदिन हमें यहाँ करना ,
गलत काम में कभी नहीं पड़ना |

जिसे करते देखो भ्रष्टाचार ,
उसे समझाओ बार –बार |

यह मत समझो कि हम नीचे दिख रहे है ,
नीचे तो भ्रष्टाचार करने वाले दिख रहे है |

दिन हो या रात ,
हमें रहना है सबके साथ,

इस साथ से हम भ्रष्टाचार को दूर भगाएंगे,
और अपने देश को समृद्ध बनाएँगे |

जब होगा हमारा देश भ्रष्टाचार से दूर
तब हो पाएगा हमारा देश मशहूर,

न देखो इधर-उधर,
बस अपने काम में रहो निडर,

मेरी इस कविता से यह समझ पाना ,
किसी से गलत कम नहीं करवाना,

हो समृद्ध ये
देश हमारा ,देश हमारा,

सब से प्यारा
हो समृद्ध ये देश हमारा
देश हमारा, सब से प्यारा |

आयुषी कप्रुवान
XI B

जल संरक्षण

जल ही जीवन है, यह एक महत्वपूर्ण बिंदु है | परन्तु क्या आप इसका मतलब समझते हैं , बिना जल के जीवन अधूरा है | हमें जल को बचाना चाहिये | जल से ही हमारा जीवन है , वर्षा के पानी को हमें इकट्ठा करना चाहिये तथा प्यूरीफाय कर फिर इस्तेमाल करना चाहिये | बहुत से देश है जहाँ पर लोग पानी की किल्लत से दम तोड़ रहे है, जीवन नष्ट होता जा रहा है | हमें पानी का उपयोग कम करना चाहिए ताकि जिन लोगों के पास नहीं है उनके पास पानी पहुँच जाए |

जल संरक्षण के कुछ महत्वपूर्ण उपाय

1. वर्षा के पानी को इकट्ठा करके उसका पुन: इस्तेमाल करना |
2. बाल्टी के पानी से नहाना चाहिये | फव्वारा का इस्तेमाल न करें |
3. अपने बाइक तथा वाहनों को पाइप से न धोएँ |
4. बेवजह पानी के नल को खुला नहीं छोड़ना चाहिये |
5. जितने पानी की आवश्यकता है उतना ही पानी इस्तेमाल करें |

वसुधा

ग्यारहवी 'ब'

नवजात कन्याओं का संरक्षण

मैं नारी हूँ, सुख –दुःख की भागी हूँ ,

जीवन पथ पर बढ़ती अभिमानिनी हूँ |

धरा पर जीवन अनमोल है,

मेरा इस पर अहम रोल है |

मैंने ही भारत को भगत सिंह दिया ,

मैंने ही कबीर ,नानक को जन्म दिया |

समय का कल मैं ही थी ,

आज भी मैंने संकल्प लिया |

रंग भरने का उत्साह जीवन में,

आने वाले कल को मैंने ही दिया |

भगवान की बनाई कली हूँ मैं ,

स्वर्ग की बाहों में पली हूँ मैं |

तेरी बेटी बनकर मिलने आई हूँ तुझसे ,

तू ही साँस छीनना चाहती है मुझसे |

अभी पूरी तरह मुझमें साँस आने तो दो ,

माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दो ||

अंजिली भट्ट

बारहवी 'अ'

वीर जवान

जय हो फ़ौजी वीर जवान
हिन्दुस्तान की तुम हो शान |
देश की माटी की खातिर
कर देते न्योछावर प्राण |
जय हो फ़ौजी वीर जवान,
तुम हो पूरे देश की आन |
प्रचंड गर्मी रेगिस्तान की ,
या हो बर्फीला तूफ़ान ,
गहराई हो समुद्र की ,
या अंतरिक्ष के उड़ान ,
ऐसी विकट परिस्थितियों में भी ,
डिगा नहीं है तेरा ध्यान |
जय हो फ़ौजी वीर जवान ,
हिन्दुस्तान की तुम हो शान |

सोनाली नेगी
दसवी 'अ'

रोचक तथ्य

1. ५२००० टन सोना अभी भी जमीन के भीतर है, जिसकी कीमत २ ट्रिलियन डॉलर है |
2. हमारे शरीर का कंकाली ढाँचा ३५ साल की उम्र तक बढ़ता रहता है |
3. नाश्ते मे चॉकलेट केक खाने से आपका वज़न बहुत जल्दी कम होता है |
4. भारत मे हर साल अमेरिका से दो गुने इंजिनीयर बनते हैं |
5. कोका कोला का इस्तेमाल टॉयलेट धोने मे भी किया जा सकता है |
6. दिन मे एक बार चांदी के ग्लास से पानी जरुर पियें, इससे गुस्सा कम आता है |
7. एक दिन में एक इंसान के लिए २५ ग्राम चीनी काफी होती है |
8. लोग हर १० मिनट मे ९२ बार झूठ बोलते हैं |
9. पैदल चलते समय लगभग १० % समय हमारी आँखें बंद रहती हैं |

भविकान्त
बारहवी 'अ'

पहेलियाँ

प्रश्न १ – दोनों जब उठ जाते तो , बन जाते सारे काम , ताकत इनमे बढ़ी है , बतादो इनका नाम ?

उत्तर – हाथ

प्रश्न २ – जुबां नहीं पर करती बातें ,बंद करो तो लगती रातें ?

उत्तर – आँखें

प्रश्न ३ – हवा के अन्दर रहता हूँ , जीवन सबका मेरे हाथ , पढ़ने से भी मिल जाता हूँ , सबसे ऊपर मेरी बात ?

उत्तर – ऑक्सीजन

प्रश्न ४ – अक्षर तीन का है ये नाम , एक देश का मैं हूँ नाम , पहला कटे तो रत हो जाऊं , अंत कटे तो वज़न बताऊं ?

उत्तर – भारत

प्रश्न ५ – घर वो नहीं बनाती है , मीठे गीत वो गाती है , रंग है उसका पूरा काला , कौए को नहीं सुहाती है ?

उत्तर – कोयल

प्रश्न ६ – वो क्या है जो आपके सोते ही नीचे गिर जाती है और आपके उठते ही वो भी उठ जाती है ?

उत्तर – आपकी पलकें

सानिया रावत
छठी 'ब'

क्या आप जानते हैं?

- धरती पर इंसान ही अकेला ऐसा जीव है जो सीधी रेखा खींच सकता है |
- पूरे जीवन में हम अपनी उँगलियों को लगभग ढाई करोड़ बार मोड़ते है |
- जीभ हमारे शरीर के सबसे मजबूत मांसपेशी होती है |
- सिर्फ पैरऔर कलाई में हमारे शरीर की आधी हड्डियाँ होती हैं |
- आपके फेफड़े की सतह का छेत्रफल एक टेनिस कोर्ट जितना होता है |
- हमारी नाक पचास हजार तरह की खुशबू सूंघ सकती है |
- खुद को गुदगुदी करना नामुमकिन है |
- हमारी मांसपेशियों की ताकत दिमाग द्वारा सीमित होती है नहीं तो ये एक कार को भी उठा सकती है |

साहिल प्रसाद
बारहवीं 'अ'

सुविचार

- मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी है जो बंद भाग्य के दरवाजे भी खोल देती है |
- फूल कभी दो बार नहीं खिलते | जन्म कभी दो बार नहीं मिलते और जीवन में हज़ारों गलतियां माफ़ करने वाले माँ - बाप नहीं मिलते |
- केवल प्रसन्नता ही एक मात्र ऐसा इत्र है जो दूसरों पर छिड़के तो उसकी कुछ खुशबू अवश्य ही आप पर चढ़ती है |
- जिंदगी में किसी से अपनी तुलना मत करो |जैसे चाँद और सूरज की तुलना किसी से नहीं की जा सकती क्योंकि यह अपने समय पर ही चमकते हैं |
- दुनिया में दो तरह के लोग होते है एक वो जो दुनिया के अनुसार खुद को

साक्षी नेगी
आठवी 'ब'

समय



समय ना रुका है,
ना रुकता है,
हरदम हमेशा आगे बढ़ते जाता है ,
समय की धरा से जो टकराता है,
उन्नति के पथ पर सदैव वो आगे बढ़ता
जाता है |
जिन्दगी में जो समय का मोल
समझ जाता है ,
जीवन में कभी निराश नहीं होता है
समय को जो व्यर्थ गँवाता है ,
उन्नति से वो पीछे हटता जाता है |
जो समय को ठोकर मारता है,
वो जिंदगी को ठोकर मारता है,
उसे अभी नहीं पता समय का मोल,
बड़ा होकर वो पछताता है,

जो हरदम चलता है ,
समय के साथ,
जीवन में वो ख़ुशी मनाता है,
जो समय को आज नहीं समझता ,
आगे चलकर वो समझ जाता है |
समय को पीछे करना चाहता है ,
मगर कर नहीं पाता है |
जीवन में फिर वो हरदम ,
पछताता ही जाता है |

चिपको आन्दोलन

चिपको आन्दोलन एक पर्यावरण – रक्षा का अहम् आन्दोलन था | यह भारत के उत्तराखंड राज्य में ग्रामीण किसानो ने वृक्षों की कटाई का विरोध करने के लिए किया था | वे राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों द्वारा वनों की कटाई का विरोध कर रहे थे | यह आन्दोलन तत्कालीन उत्तर प्रदेश के चमोली जिले में सन १९७३ में प्रारंभ हुआ | एक दशक के अन्दर यह पूरे उत्तराखंड छेत्र में फैल गया था | चिपको आन्दोलन की एक मुख्य बात है कि इसमें स्त्रियों ने भारी संख्या में भाग लिया था | इस आन्दोलन की शुरुआत १९७३ में भारत के प्रसिद्ध पर्यायवरणविद सुन्दरलाल बहुगुणा, कामरेड गोविन्द सिंह रावत , चंडीप्रसाद भट्ट तथा श्रीमती गौरा देवी के नेतृत्व में हुआ था | चिपको आन्दोलन वनों का अव्यवहारिक कटान रोकने और वनों पर आश्रित लोगों के वनाधिकारों की रक्षा का आन्दोलन था | रैणी में २४०० से अधिक पेड़ो को काटा जाना था, पर गौरा देवी जी के नेतृत्व में रैणी गाँव में २७ माहिलाओं ने प्राणों की बाजी लगाकर इसे असफल कर दिया था | इसी प्रकार हमें पेड़ो का कटान न करके अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए |

स्वाति रावत

आठवी 'ब'

महिलाओं का सम्मान क्यों जरुरी?

मनुष्य जीवन का एक कल्पनाशील विवेकवान प्राणी है । सपने देखना कल्पनाएं करना उसका स्वभाव है । मानव जाति में महिलाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है | पुराणों में कहा गया है कि महिलाएं देवी का रूप हैं परन्तु कुछ लोग इस बात को समझना नहीं चाहते | वह स्त्री के महत्व को नहीं जानते । स्त्रियों को कई सारे रूप दिए जाते हैं , जैसे नारी शक्ति,देवी आदि | कहने के लिए तो वह एक नारी शक्ति का रूप है पर इस पर अमल कर पाना सभी लोगों के बस की बात नहीं है । यह कलियुग है और नारी एक बहुत बड़ी शक्ति बन चुकी है| हमें महिलाओं की रक्षा के लिए बहुत सारी शिक्षाएं दी जा रही हैं। क्या हम इस बात से सहमत हैं कि नारी के साथ अन्याय नहीं होता ? नहीं मैं तो इस बात से सहमत नहीं हूँ। आज भी नारी या महिलाओं के साथ अत्याचार होता है| हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए | आखिर वही तो आज का भविष्य है| जो काम एक पुरुष कर सकते हैं वही काम महिलाएं भी करके दिखा सकती हैं। महिलाओं को लक्ष्मी का रूप माना जाता है, क्योंकि वह ही घर को चलाती है और उसी के घर शिक्षित हो पाता है। क्या महिलाओं का कार्य केवल बच्चों को पालना पोसना ही होता है? हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि नारी से देश है नारी का सम्मान जरूरी है ।

नारी से ही जग है
नारी से ही कल है
नारी हमारा भविष्य है

नारी के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते।

रेनुका पोखरियाल
XII 'A'

इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स

(IoT)

IoT कंप्यूटर विज्ञान के अंतर्गत एक नवीनतम टेक्नोलॉजी है जो भौतिक वस्तुओं को इंटरनेट द्वारा जोड़ने व उनके मध्य संपर्क स्थापित करने का कार्य करती है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स दो शब्दों से मिलकर बना है। इंटरनेट से तात्पर्य है वह जाल जो दो या दो से अधिक उपकरणों को एक नेटवर्क से जोड़ता है और थिंग्स का अर्थ है भौतिक वस्तुएँ। अर्थात इंटरनेट ऑफ थिंग्स से तात्पर्य है कि "हमारे आस पास उपलब्ध भौतिक वस्तुओं (Light, Fans, AC, Refrigerator, Washing machine, Geyser, CCTV cameras, Car etc.) को इंटरनेट के माध्यम से इस प्रकार जोड़ दिया जाए कि वे एक दूसरे से संवाद (Communicate) कर सके"।



IoT की सहायता से घर मे उपलब्ध सभी उपकरण आपस में वार्तालाप करने में सक्षम होंगे व स्वसंचालित रूप से (Automatically) कार्य कर सकेंगे। उदाहरण के तौर पर यदि आपके घर में फ्रिज है और उसे इंटरनेट के द्वारा कनेक्टेड कर दिया जाए तो वह अपने अंदर सब्जी/किसी अन्य चीज की कमी होने पर वह खुद ही सब्जी का आर्डर कर देगा। इसके अलावा मान लीजिए कि आप अपने ऑफ़िस से कार में बैठ कर घर के लिए रवाना हो रहे है और आप चाहते हैं की घर पर पहुंचते ही आपको AC, Cooler, Fan, Lights On मिले तो इसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स के माध्यम से On/Off किया जा सकता है। क्योंकि आपकी कार का सेंसर आपके घर पर लगे उपकरण से जुड़ा होगा और वह आपके कार में बैठने पर घर पर लगे उपकरणों को सिगनल देगा कि अपने घर के लिए रवाना हो चुके हैं और कमांड के तौर पर आपके घर के उपकरण घर पहुंचने से पहले ही on हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त आप अपने मोबाइल फोन से घर के वाई-फाई राऊटर द्वारा घर में लगे बिजली के उपकरण जैसे बल्ब, एयर कंडीशनर, गीज़र, गृह सुरक्षा प्रणाली और कैमरे अन्य घरेलू उपकरणों को नियंत्रित कर सकते हैं। एक उदाहरण के तौर पर मान लीजिए आप अपने परिवार के साथ छुट्टियां बनाने घर से बाहर निकलते हैं बाहर जाकर आपको याद आता है कि आप अपने घर में लगा AC/पंखा/बल्ब या कोई अन्य उपकरण गलती से ऑन छोड़ आए हैं तो आप अपने मोबाइल फोन से ही इन उपकरणों को ऑफ करने की कमांड दे सकते हैं।

एक अद्ययन के अनुसार भारत में इस समय लगभग 6 करोड़ IoT उपकरण संचालित हैं तथा सन 2020 तक इसकी संख्या बढ़कर लगभग 190 करोड़ होने का अनुमान है|

प्रतीक गुप्ता
कंप्यूटर प्रशिक्षक

विद्यालय में खेलों का महत्व

